

## मखरा गांव में बाघिन ने किया गाय का शिकार

### ग्रामीणों मं दहशत, पीटीआर टीम ने ड्रोन कैमरों से की निगरानी



**नवभारत न्यूज**

**देवेंद्रनगर/पन्ना 1 फरवरी। पन्ना टाइगर रिजर्व के बफर जोन से सटे ग्रामीण इलाकों में एक बार फिर बाघिन की मौजूदगी ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। ताज़ा मामला ग्राम पंचायत रानीपुर के माजरा ग्राम मखरा का है, जहाँ शनिवार ( 31 जनवरी ) की रात बाघिन ने एक गाय का शिकार कर उसे अपना निवाला बना लिया।**

घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और लोग घरों से बाहर निकलने में कतरा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, आज रविवार 1 फरवरी को जब ग्रामीण नाले के पास पहुंचे, तो वहां गाय का क्षत-विक्षत शव देख उनके होश उड़ गए। स्थानीय निवासी नारायण कुशवाहा ने बताया कि जैसे ही वह नाले के करीब पहुंचे, उन्हें साक्षात बाघिन दिखाई दी। बाघिन को देख वह उल्टे पांव भागे और तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी।

**ड्रोन कैमरों से सर्चिंग और पहरा:-** सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय बाजपेई के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। विभाग ने मुस्तैदी दिखाते हुए लगभग 2-3 किलोमीटर के दायरे में ड्रोन उड़ाकर बाघिन की लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश की गई। इसके साथ ही नाले और शिकार वाले स्थान के आसपास नाइट विजन कैमरे लगाए गए हैं ताकि बाघिन की गतिविधि की पुष्टि हो सके। साथ ही वन रक्षकों की टीम मौके पर ही तैनात कर दिये गये है। हालांकि ड्रोन सर्च में फिलहाल बाघिन की लोकेशन नहीं मिली है, लेकिन शिकार के पैटर्न को देखते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय बाजपेई ने पुष्टि की है कि यह हमला बाघिन का ही है। उन्होंने ग्रामीणों को सलाह दी है कि किसान और ग्रामीण नाले के पास वाले इलाके में जाने से बचें। यदि जाना बहुत आवश्यक हो, तो अकेले न जाएं; हमेशा समूह में और लाठी-डंडों के साथ सतर्क होकर ही निकलें।

## अभी भी प्रभावी नहीं है निकायों में डिजीटल प्रयोग

### नागरिकों से सुविधा देने से बच रही संस्थाएं

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 1 फरवरी। नगरीय क्षेत्रों में डिजिटल इण्डिया को बढ़ावा देने के लिये शहरी क्षेत्र के स्थानीय निकायों में ई.नगरपालिका योजना नगरीय विकास विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। इसका मकसद पारदर्शी एवं त्वरित गति से शहरी क्षेत्र के नागरिकों को सेवा प्रदान करना है।**

परियोजना में समस्त नागरिक सेवाओं, जन.शिकायत सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य.प्रणाली, समस्त भुगतान एवं बजट प्रक्रिया को एकीकृत कर ऑनलाइन सुविधा प्रदाय की जा रही है। कहते हैं कि प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों की सुविधाओं को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है। किन्तु इस प्रयोग का असर व जनता को लाभ अभी ठीक से नहीं मिल रहा है। कहने के लिये आधुनिक कार्यप्रणाली को लेकर प्रावधान तो बहुत हो रहे हैं और प्रयोग भी बहुत किये जा रहे हैं। किन्तु जनता की समस्याओं के आधार पर देखा जाय तो वह दिखाई नहीं दे रहा है। बताया जा रहा है कि नगरीय निकायों में नागरिक सेवा देने के लिये एकीकृत प्लेटफर्म आधारित परियोजना शुरू की गई है। ई.नगरपालिका में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिये भारत बिल पेमेंट सिस्टम की सेवा प्रारंभ की गई है। नागरिक यूपीआई एप्लीकेशन के माध्यम से अपना सपत्ति कर तथा जल उपभोक्ता प्रभार का भुगतान कर सकते हैं।

नगरीय निकायों की आंतरिक व्यवस्था को भी ई.नगरपालिका के अंतर्गत सपूर्ण रूप से कप्यूटराइज्ड किया गया है। सभी प्रकार के भुगतान डिजिटल हस्ताक्षर द्वारा अनुमोदित किये जाने के प्रावधान को अनिवार्य किया गया है। नगरीय निकायों में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिये समस्त बजट एवं वित्तीय प्रबंधन कार्यों को ई.नगरपालिका में एकीकृत कर अब संचालनालय स्तर से निकायों को दिये जाने वाले अनुदानों का भुगतान ई.नगरपालिका के माध्यम से किया जा रहा है।

## गिद्धों के लिए घातक दवाओं पर निगरानी



**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 1 फरवरी। दक्षिण पन्ना वनमण्डल की शाहनगर रेंज अंतर्गत वन विभाग द्वारा बीट बोरी में एक मेडिकल स्टोर का पुलिस बल के साथ संयुक्त निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान यह समझाइश दी गई कि डाइक्लोफेनेक, केटोप्रोफेन एवं ऐसिक्लोफेनाक जैसी दवाएं मवेशियों के उपचार में उपयोग करने पर गिद्धों के लिए अत्यंत विषाक्त सिद्ध होती हैं, जिससे उनकी मृत्यु का गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। मेडिकल स्टोर संचालक को इन प्रतिबंधित दवाओं के पशु उपचार में उपयोग न करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। वन विभाग द्वारा गिद्ध संरक्षण हेतु निरंतर निगरानी एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

इसके अंतर्गत दूरबीन द्वारा गिद्धों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। यदि कोई व्यक्ति मवेशियों के लिए ऐसी दवाएं मांगता है तो दवा न देने के साथ संबंधित व्यक्ति एवं पर्चा जारी करने वाले पशु चिकित्सक की जानकारी निकटतम वनकर्मी को देने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके साथ ही पशु चिकित्सकों, गौशाला प्रबंधकों एवं मवेशी पालकों को मेलॉक्सिकैम एवं टॉल्फेनामिक एसिड जैसी दवाओं के उपयोग की सलाह दी जा रही है।

## दुष्कृत्य का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**पवई/पन्ना 1 फरवरी।** दिनांक 27 जनवरी को पीड़िता के द्वारा थाना पवई में आकर ऐसी रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी के द्वारा उसके साथ जबरदस्ती कई बार दुष्कृत्य किया गया है जिसकी सूचना पर थाना पवई में अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

एसपी पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन मे थाना प्रभारी पवई के नेतृत्व में एक टीम गठित कर आरोपी को दिनांक 30 जनवरी को गिरफ्तार किया गया है जिसका मेडिकल परीक्षण होने के उपरांत माननीय न्यायालय के आदेश से आरोपी को उप जेल पवई भेज दिया गया है।

## नपा की लापरवाही के चलते जलापूर्ति के बाल्वों से घरों मे पहुंच रहा गंदा पानी

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 1 फरवरी। इंदौर मे प्रदूषित पानी से हुई मौंतों की घटना से पूरे प्रदेश में हड़कंप मचा हुआ है लेकिन नगरपालिका प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है।**

कागजों में ही उनके द्वारा खानापूर्ति कर स्वच्छ जलापूर्ति का दावा किया जा रहा है जबकि पूरे नगर मे कई जगह सप्लाई वाले वाल्व एवं पाइपलाइन जो लगे हैं वे कहीं कहीं गंदी नालियों के सम्पर्क मे हैं या पाइपलाईन नाली के गंदे पानी मे डूबी हुई है और लीकेज भी है। उदाहरण के लिए शहर के वार्ड क्रमांक-12 अंतर्गत आरामगंज हाउस के पास नाली के भीतर से गुजर रही पाइपलाइन में लीकेज है। इससे हर दिन बडी मात्रा में पानी व्यर्थ बह रहा है। यही दूषित और बदबूदार पानी रहवासी मजबूरी में पीने को मजबूर हैं। नगर पालिका प्रशसन द्वारा सुधार के नाम पर अब तक केवल खानापूर्ति की गई है, जिससे समस्या जस की तस बनी हुई है। आरामगंज हाउस के पास टेलर की दुकान के नजदीक से जलापूर्ति की पाइपलाइन नाले के अंदर से गुजरती है पाइप मे लीकेज होने के कारण नाले का गंदा पानी पाइपलाइन से मिलकर घरों तक पहुंच रहा है। इससे बच्चों और बुजुर्गों के बीमार पड़ने का खतरा लगातार बना हुआ है।



## बुजुर्गों को सम्मान देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी : ब्रह्माकुमारी

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 1 फरवरी। गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन अभियान के तहत अनेक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में ब्रह्माकुमारी विद्यालय पन्ना की ओर से वृद्ध जनों के सम्मान में दो कार्यक्रमों का आयोजन किया गया पहला कार्यक्रम वृद्ध आश्रम पन्ना में हुआ।**

सीता बहन ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं, यह हमारी दुआओं का अथाह सागर है, उनके हृदय से निकली हुई दुआएं कई गुना संपत्ति से भी अधिक ज्यादा मूल्यवान होती हैं वह छायादार वृक्षों के समान है ऐसे वृक्षों को क्षति पहुंचाना स्वयं को कमजोर करना है।

ब्रह्माकुमारी विद्यालय के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती डॉक्टर उमा त्रिपाठी ने अपने विचार रखते हुए कहां की ऐसे कार्यक्रमों से समाज में नई पीढ़ी को संस्कारवान एवं बड़ों के प्रति सम्मान की भावना जागरूक करना है, हमें एक दूसरे को समझ कर चलना होगा तभी परिवार में सुख शांति होगी कार्यक्रम में श्रीमती आशा गुप्ता नगर पालिका उपाध्यक्ष,महेश जैन,रामेश्वर प्रसाद,प्रभु दयाल तिवारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## नवाह अखंड रामधुन का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सिमरिया/पन्ना 1 फरवरी। नगर के सबसे प्राचीन मंदिर खेर माता प्रांगण में स्थानीय निवासियों द्वारा अखंड नवाह रामधुन का संगीतमय आयोजन किया जा रहा है।**

बड़ी संख्या में क्षेत्रीय आसपास के समस्त ग्रामीण श्रद्धालु भक्त गण पहुंच रहे हैं 9 दिन तक चलने वाली अखंड रामधुन का शुभारंभ 26 जनवरी से हुआ। सभी आयोजकों ने आसपास के सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से आग्रह करते हुए कहा है कि इस पुनीत कार्य में पहुंचकर मां खेर माता परिसर में चल रही अखंड रामधुन में अपनी सहभागिता प्रदान कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करें।

## जानकारी अपडेट नहीं होने के चलते कचराघर बन गया एजुकेशन पोर्टल

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 1 फरवरी। राज्य शिक्षा केन्द्र का एजुकेशन पोर्टल 2.0 अब कचरा घर जैसा बन चुका है। जबसे एजुकेशन पोर्टल 3.0 लागू किया गया है जब से पोर्टल 2.0 को ऐसा लगता है जैसे उसे वेन्टीलेटर में डाल दिया गया हो।**

कोई आदेश, निर्देश अब इस पोर्टल में अपलोड नही होते। कई महीनो तक पोर्टल को अपडेट ही नहीं किया जा रहा है। सर्व शिक्षा अभियान से संबधित योजनाओं की अद्यतन स्थितियों को भी अपडेट नही किया जाता। लिहाजा इससे समझा जा सकता है कि एजुकेशन पोर्टल 2.0 को एक औपचारिक एवं प्रतीकात्मक पोर्टल मान लिया गया है। इसके आम नागरिकों को पोर्टल के माध्यम से अद्यतन कोई भी जानकारी अब नहीं मिल सकती।

**पोर्टल 3.0 का उपयोग केवल विभागीय नागरिकों के लिये नहीं:-** एजुकेशन पोर्टल 3.0 का उपयोग या तो विभाग कर सकता है अथवा विभागीय कर्मचारी अथवा अपनी आवश्यकता के अनुसार संबंधित मान्यता प्राप्त स्कूल का संचालक। जबकि सामान्य व्यक्ति इस पोर्टल को न तो खोल सकता और न ही उसे देख सकता। उसके अंदर जो डाटा रखा जाता है उसे गोपनीय बना दिया गया है। इसलिये इसका उपयोग जनता के लिये उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है। इससे स्पष्ट हो रहा है कि सर्व शिक्षा अभियान की गतिविधियों को जहां एक पोर्टल में छिपाया जा रहा है गोपनीय रखा जा रहा है वही दूसरे पोर्टल को अपडेट ही नहीं किया जा रहा है। तब सवाल यह उठता है कि आखिर आनलाईन युग में सर्व शिक्षा अभियान की गतिविधियों की जानकारी कैसे मिल सकती है। आखिर सूचनाओं को छिपाने की कोशिश क्यों की जा रही है ? इस संबंध में न तो कोई सक्षम एजेंसी यह जानने का प्रयास कर रही है। और न ही कोई कार्रवाई हो रही है। जबकि सरकारी विभाग कोई भी विभागीय पोर्टल का निर्माण करता है तो करोड़ो रूपये इसलिये खर्च करता है। कि विभागीय गतिविधियों की जानकारी अपडेट की जायेगी। उसे जनका भी देखने के लिये उपलब्ध करवाया जायेगा। यहां तक कि सूचना अधिकार अधिनियम में भी इस बात का प्रावधान किया गया है कि विभाग की अधिक से अधिक जानकारियों को सार्वजनिक किया जाना चाहिये ताकि आम जन को आवेदन करने की आवश्यकता न पड़े।

## लापरवाह तीन रसोईया हटाई गई, वार्डन भी प्रभार से मुक्त

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 1 फरवरी। गुनौर स्थित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास की छात्राओं ने हॉस्टल के तीन रसोईयों द्वारा जला भोजन बनाने एवं रूचिपूर्ण भोजन प्रदान नहीं करने सहित दुर्व्यवहार और छुआछूत संबंधी शिकायत दर्ज कराई गई थी।**

बालिकाओं ने अपने अभिभावकों के साथ गत 25 जनवरी को धरना प्रदर्शन भी किया था। संवेदनशील घटनाक्रम पर कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा प्रकरण में संज्ञान लेकर जांच समिति का गठन किया गया।

समिति द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट अनुसार छात्रावास में तनावपूर्ण माहौल के कारण बच्चियों का भयभीत होना और मानसिक रूप से आहत होना पाया गया। जांच प्रतिवेदन में तीन रसोईयों को हटाने की अनुशंसा की गई है, जिसके तहत रसोईया मीना सोनी, ब्रजबाई ढीमर एवं उर्मिला त्रिपाठी को तत्काल पृथक कर दिया गया है।

साथ ही छात्रावास वार्डन संदीप्ति सिंह को भी छात्रावास वार्डन के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करने की कार्रवाई की गई है।

## शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गिरवारा में नशा मुक्ति रैली का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**देवेंद्रनगर/पन्ना 1 फरवरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरवारा में प्राचार्य विनीत द्विवेदी के मार्गदर्शन में इको क्लब का आयोजन किया गया एवं नशा मुक्त रैली का भव्य आयोजन किया गया।**



यह रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर गांव में निकाली गई। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा अपने अपने हाथों में वैनर पोस्टर लेकर पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं नशा मुक्त भारत नशा मुक्त गांव का संकल्प दिलाया गया। पर्यावरण को बचाने के लिए अपने दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लाने के लिए, अपने परिवार, मित्रों और अन्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों और व्यवहारों के विषय में सतत् रूप से प्रेरित करने का संकल्प लिया गया।

इस कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक को पहुंचाया अस्पताल



**पन्ना 1 फरवरी।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल के मोहन्द्रा वन परिक्षेत्र में पदस्थ प्रशिक्षु वनरक्षक विजय सेन ड्यूटी उपरांत लौट रहे थे, तभी मुंडेरा घाटी क्षेत्र में उन्होंने एक युवक को सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा हुआ देखा। जानकारी लेने पर पता चला कि युवक अपनी मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गया था, जिससे उसे चोटें आई थी। उसके द्वारा घायल युवक को अपने वाहन से नजदीकी क्लीनिक पहुंचाया, जहां चिकित्सक द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया। घायल युवक ने वनकर्मी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## शिक्षक यादव को सेवानिवृत्त पर दी गई विदाई

**देवेंद्रनगर/पन्ना 1 फरवरी।** पन्ना जनपद पंचायत अंतर्गत माध्यमिक शाला गोविंदपुर में पदस्थ रहे शिक्षक जग प्रसाद यादव अपनी अर्धवार्षिक सेवा अवधि पूरी करने के बाद सेवा निवृत्त हुए हैं। उनकी सेवानिवृत होने पर विद्यालय के शिक्षकों तथा ग्रामवासियों ने विदाई समारोह आयोजित किया एवं उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

## किसान कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत निकाली जागरूकता रैली

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 1 फरवरी। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा किसान कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत शनिवार को कलेक्ट्रेट से जागरूकता बाइक रैली निकाली गई।**




किसानों को विभिन्न लाभकारी शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया। कलेक्टर ऊषा परमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित जिपं कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष, उप संचालक कृषि ओपी तिवारी एवं एसडीएम पन्ना भी उपस्थित रहे। यह रैली प्राणनाथ मंदिर होते हुए गांधी चौक पहुंची एवं छत्रसाल पार्क में समाप्त हुई।

## पीएम श्री कन्या उच्चतर में माध्यमिक में कैरियर मेला

**नवभारत न्यूज**

**अजयगढ़/पन्ना 1 फरवरी।** अजयगढ़ में कैरियर गाइड मेले का आयोजन किया गया जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक संचालक बी डी रजक थाना प्रभारी बखत सिंह एवं खंड चिकित्सा अधिकारी शोभाराम शर्मा एवं विद्यालयीन स्टॉफद्वारा बच्चों के कैरियर के बारे में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी और उन्होंने बताया कि छात्राएं हर दिशा में अपना कैरियर बन सकती है मैंहनत ओर लगन के साथ अपने कैरियर को बनाना। स्कूल के छात्रों को करियर के विषय में थाना प्रभारी बखत सिंह, बीएमओ डॉक्टर शोभाराम शर्मा ने भी छात्रों के करियर के बारे में उनको बताया अपने विचारों व्यक्त किया।



## शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ने ली बैठक

**नवभारत न्यूज**

**अजयगढ़/पन्ना 1 फरवरी। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण कुमार पांडे द्वारा आज आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई अजयगढ़ द्वारा बैठक का आयोजन किया गया।**

बैठक में 8 फरवरी को पन्ना में रैली एवं ज्ञापन तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई शिक्षकों के हितों में शिक्षकों के हितों में विभिन्न बिंदुओं पर शिक्षकों ने एक राय होकर ज्ञापन देने के लिए बात की।

बैठक प्रभारी रामपाल यादव, रामनरेश शिवहरे सहित सुशील पाण्डेय, रामपाल शिवनारायण राजपूत, वीरेंद्र पान्डेय, रविंदर गर्ग, चंद्रभान यादव, बृज गोपाल पटेल, पहाड़ सिंह यादव, छोटेलाल कोदर, अशोक प्रजापति, सीताराम पटेल, विकास खरे, राजेंद्र सिंह सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## शासन के कड़े निर्देश के बावजूद अभी तक छात्रावासों का निरीक्षण नहीं हुआ पूरा, कागजी खानापूर्ति संभावित

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 1 फरवरी। जिला प्रशासन ने जिले भर के छात्रावासों को निरीक्षण करने के लिये विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये थे। ऐसे सभी अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश भी जारी किये जा चुके थे। किन्तु कई अधिकारियों ने अभी तक छात्रावासों का न तो निरीक्षण किया और न ही प्रतिवेदन ही प्रस्तुत किया।**

छात्रावासों के निरीक्षण का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हो पा रहा है। इस तरह की लापरवाही यह बताती हे कि जिले के अधिकारियों को अपने दायित्वों को पूरा करने की कोई चिन्ता नहीं है।

**अधीक्षकों को हटाने पर भी कोई निर्णय नहीं:-** यह भी देखा गया है कि कई छात्रावासों में तीन साल से अधिक समय से अधीक्षक पदस्थ हैं किन्तु उन्हें हटाया नहीं गया। एससीएसटी के छात्रावासों में तो स्थितियां और भी अधिक खराब हैं जहां ऐसे अधीक्षक पदस्थ जो पिछले कई वर्षो से एक ही छात्रावास में पदस्थ हैं। इस तरह के अधीक्षक जहां पदस्थ रहते वहां उनकी मनमानी भी चलती रहती है। छात्रावासों में समय पर उपस्थिति भी नियमित रूप से नहीं होती। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रावासों में जहां कभी कोई निरीक्षण करने भी नहीं पहुचता वहां देखा जाता है कि अधीक्षक और भी अधिक मनमानी करते हैं। कितने छात्रावासों का निरीक्षण अभी होना शेष है। जहां निरीक्षण हुआ वहां किस तरह की कमियां पाई गई हैं और उनके खिलाफक्या कार्रवाई की जायेगी। छात्रों को न तो ढुग से भोजन मिलता और न ही शुद्ध पानी। इसी तरह से सोने, पढने् की सुविधायें भी नहीं मिलती। अन्य गतिविधियों को भी कागजों में ही पूरा किया जाता है। जहां सामग्री खरीदी में अनियमितता से लेकर कई तरह से बजट के दुरूपयोग की शिकायतें प्राप्त होती रहती है। यही कारण है कि जिला प्रशासन ने छात्रावासों के निरीक्षण करवाने का निर्णय लिया था। किन्तु अभियान अभी तक पूरा नहीं हो पा रहा है।

### अभी तक जानकारी भी संकलित नहीं

जिला स्तर पर इस मामले में अभी तक जानकारी भी संकलित नहीं हो पाई है कि अब तक में कितने छात्रावासों का निरीक्षण किया जा चुका है। कितने छात्रावासों का निरीक्षण् अभी होना शेष है। जहां निरीक्षण हुआ वहां किस तरह की कमियां पाई गई हैं और उनके खिलाफक्या कार्रवाई की जायेगी। उल्लेख नहीं है जिसमे एससी, एसटी, ओबीसी से लेकर सर्व शिक्षा अभियान आदि कई तरह की योजनाओं के छात्रावास संचालित है। किन्तु बताया जाता हे कि छात्रावासों में निवास करने वाले छात्र छात्राओं को वे सुविधायें नहीं दी जाती है तो उन्हें मिलनी चाहिये। अधीक्षकों द्वारा मनमानी तरीके से राशि तो खर्च कर दी जाती है किन्तु छात्रों को कई तरह की परेशानियां उठानी पड़ती है।